प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 14.09.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. लखनऊ में आज से दो दिवसीय सीएसआईआऱ स्टार्ट अप कॉन्क्लेव शुरु : उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने उद्घाटन समारोह में कहा– एक जिला एक उत्पाद के जरिए स्टार्टअप को बढ़ावा दे रही है प्रदेश सरकार।
2. केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी आज महाराजगंज में जीएसटी रिफॉर्म्स व्यापारी सम्मेलन में हुए शामिल : कहा.– कर प्रणाली को सरल, पारदर्शी और व्यापारियों के अनुकूल बनाना है जीएसटी सुधारों का उद्देश्य।
3. 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पर्व के दौरान वन विभाग मनाएगा स्वच्छ उत्सव : पं0 दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर प्रत्येक जनपद में होगा पौधरोपण। और
4. हिंदी दिवस के अवसर पर प्रदेश भर में हुआ कार्यक्रमों का आयोजन : म‌ुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– हिंदी राष्ट्र की एकता का आधार।

———————

लखनऊ में आज से दो दिवसीय सीएसआईआऱ स्टार्टअप कॉन्क्लेव की शुरुआत हो गई। उद्घाटन समारोह में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और सीएसआईआर की महानिदेशक डॉक्टर एन कलाई सेल्वी के साथ–साथ वैज्ञानिकों और देश भर से आये दो सौ से अधिक किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सीएसआईआऱ ने कांन्क्लेव के माध्यम से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार एक जिला एक उत्पाद के जरिए स्टार्टअप को बढ़ावा दे रही है। बाइट....

*प्रदेश सरकार लगातार ओ0डी0ओ0पी0 के माध्यम से वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट्स के माध्यम से स्टार्टर्सअप को भी प्राथमिकता देने के साथ–साथ उनको सस्ते दर पर ऋण और सब्सीडी देने का लगातार काम कर रही है आज हमें कहने में प्रश्नता है उ0प्र0 सरकार ने प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने में सफलता हासिल की है।*

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री डॉक्टर जितेंद्र सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल समापन समारोह में भाग लेंगे।

———————

केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने आज महाराजगंज में आयोजित जीएसटी रिफॉर्म्स व्यापारी सम्मेलन में भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों का उद्देश्य कर प्रणाली को सरल, पारदर्शी और व्यापारियों के अनुकूल बनाना है।

उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स लागू होंगे, जो देश के व्यापारिक माहौल को और बेहतर बनाएंगे।

——————————

मेरठ से भाजपा सांसद अरुण गोविल ने आज हापुड़ में कार्यकर्ताओं के साथ विकास कार्यों को लेकर बठक की। इस अवसर पर उन्होंने घर–घर रामायण के तहत हापुड़ के पत्रकारों को रामायण वितरित की। श्री गोविल ने जीएसटी सुधारों की चर्चा करते हुए कहा कि इससे सभी वर्गों को लाभ होगा। बाइट...

*जी0एस0टी0 का जो हुआ है वो बहुत ही अच्छा हुआ है और इससे हम सब को फायदा होगा सिर्फ व्यापारियों को नहीं फायदा होगा हम एंड यूजर जो जी0एस0टी0 फाइनली एक ही जेब से जाती है जी0एस0टी0 क्योंकि वो किसी और से जी0एस0टी0 चार्ज नहीं करता उसको भी फायदा होगा इस बात का कि उसको कम बोझ पड़ेगा और व्यापारियों पर भी कम बोझ पड़ेगा ये बहुत फायदा होगा देश को।*

——————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मादी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से, वस्तु और सेवा कर यानी जीएसटी में और अधिक सुधारों की घोषणा की थी। इस महीने की 3 तारीख को जीएसटी परिषद ने आम लोगों के लिए जीवन–यापन को बेहतर बनाने के लिए कई क्षेत्रों के लिए कर म कटौती की थी। आज, एक नज़र स्वास्थ्य क्षेत्र में जीएसटी सुधारों पर–

*स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम जिन पर पहले 18: जीएसटी लगता था। इस महीने की 22 तारीख से वह कर से पूरी तरह मुक्त हो जाएंगे। अब बीमा धारकों को केवल बेस प्रीमियम राशि का भुगतान करना होगा। इस क्षेत्र में टैक्स को समाप्त करने से विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों और सेवानिवृत्त लोगों को बड़ा लाभ होगा, जो अक्सर उच्च प्रीमियम के कारण स्वास्थ्य बीमा लेने से हिचकिचाते हैं। मीडिया से बात करते हुए, बेंगलुरु के निवासी हेमंत राय सिंघानी ने बताया कि हेमंत राय सिंघानी– पहले प्रीमियम थे। उसके ऊपर आप जीएसटी पे करो, उससे पहले मैं अपनी सैलरी पर भी टैक्स पे कर रहा हूं तो उस हिसाब से डबल टैक्सेशन था। तो इट्स गुड। समर्थ सिंह के साथ रिशु जयसवाल आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

———————————

**केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण सचिव संजय जाजू ने कहा है कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की सभी मीडिया इकाईयां मिलकर एक सिनर्जी के सिद्धांत पर कार्य करें जिससे सरकार द्वारा जनकल्याण के लिये किये जा रहे विभिन्न कार्यों से आम जनता को अवगत कराया जा सके। कल आकाशवाणी लखनऊ कार्यालय में मंत्रालय की विभिन्न मीडिया इकाइयों के कार्यों की समीक्षा के दौरान, श्री जाजू ने कहा कि सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय की इकाइयाँ सरकार का चेहरा हैं क्योंकि ये न केवल आम नागरिक से जुड़ती हैं बल्कि देश के दूर–दराज के क्षेत्रों में भी इनकी गहरी उपस्थिति है। वेव्स ओटीटी प्लेटफॉर्म की नई विशेषताओं के बारे में बात करते हुए, श्री जाजू ने कहा कि बहुत जल्द वेव्स में वोडियो अपलोडिंग सेक्शन के साथ कई नई सुविधाएँ जोड़ी जाएँगी। बाइट....**

*ये एक बड़ा अनूठा एक प्रयोग है ये ना केवल एक ओटीटी है अभी कुछी दिनों में इसको हम एक वीडियो शेरिंग प्लेटफॉर्म के तौर पर भी तबदील नहीं कर रहे हैं एड कर रहे हैं साथ ही साथ लाइफ चौनल्स उसमें चलती हैं दूरदर्शन की ओल इंडिया की ये जनता का खुद का अपना ओ0टी0टी0 हमारे देश का अपना ओ0टी0टी0 है और मुझे उम्मीद है कि उ0 प्र0 में भी इसको हम सब मिल करके सबसक्रिप्शन आगे बढ़ायेंगे।*

——————————

**ब्रेक**

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

**ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकत हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।**

——————————

**17 सितंबर से दो अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पर्व को वन विभाग 'स्वच्छ उत्सव' के रूप में भी मनाएगा। प्रधान मुख्य वन संरक्षक व विभागाध्यक्ष सुनील चौधरी ने इस संबंध में मुख्यालय व जनपद स्तर पर सभी अधिकारियों को निर्देश जारो किए हैं। पेश है एक रिपोर्ट...**

*स्वच्छ उत्सव के दौरान स्वच्छता अभियान, सिंगल यूज प्लास्टिक विरोधी अभियान, पक्षी अभयारण्यों में खर–पतवारों की सफाई के लिए आयोजन किया जाएगा। साथ ही पर्यावरण संरक्षण, वर्षा जल संचयन, जल स्रोतों के संरक्षण जैसे विषयों पर जन–जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। श्री चौधरी ने बताया कि पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती 25 सितंबर को प्रत्येक जनपद में पौधरोपण कार्यक्रम होगा। वन विभाग की ओर से आमजन, संस्थाओं, शिक्षण संस्थानों को*

*पौधा उपलब्ध कराया जाएगा। साथ ही सेवा पर्व के दौरान प्रदेश में 15 लाख पौधरोपण होंगे। आकाशवाणी समाचार कक्ष से राघवेंद्र त्रिपाठी।*

——————————

**आज हिंदी दिवस के अवसर पर प्रदेश भर में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान ने लखनऊ में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। अमरोहा में श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय में हिन्दी दिवस पर काव्य संगोष्ठी एवं साहित्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्रो योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को हिंदी दिवस की बधाई दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी एकता का आधार और अस्मिता की प्रहरी है। उन्होंने हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग व वैश्विक प्रसार के लिये संकल्पित होने की अपील की।**

——————————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार 'विकसित उत्तर प्रदेश—समर्थ उत्तर प्रदेश—2047' विज़न को साकार करने के लिए ठोस कार्य योजना तैयार कर रही है। इस रूपरेखा में तीन मिशन— समग्र विकास, आर्थिक नेतृत्व और सांस्कृतिक पुनर्जागरण तथा तीन थीम— अर्थशक्ति, सृजन शक्ति और जीवन शक्ति पर जोर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि अगले 22 साल में उत्तर प्रदेश की ग्लोबल पहचान भविष्योन्मुखी उद्योगों पर ध्यान केंद्रित किये**

बगैर नहीं प्राप्त की जा सकती है। इसके लिए सरकार का विशेष ध्यान एआई, बॉयोटेक, ग्रीन एनर्जी और एग्रीटेक आधारित उद्योग पर है।

———————

स्वच्छ भारत मिशन को नई गति देने के उद्देश्य से प्रदेश के समाज कल्याण विभाग ने एक अनूठी पहल की ह। राज्यमंत्री असीम अरुण के निर्देश पर प्रदेश के सभी जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालयों और राजकीय छात्रावासों में आज से श्रमदान कार्यक्रम शुरू हो गया है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को अनुशासन, सहयोग और श्रम के प्रति सम्मान की भावना से जोड़ते हुए उन्हें जिम्मेदार और कर्मठ नागरिक बनाना है।

———————

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों–आईटीआई में प्रशिक्षण सत्र–2025–26 में प्रवेश की आखिरी तारीख बढ़ा दी गई है। प्रदेश के राजकीय और निजी आईटीआई संस्थानों में वॉक–इन सिद्धान्त पर 30 सितम्बर 2025 तक दाखिला लिया जा सकेगा। विशेष सचिव व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास अभिषेक सिंह ने बताया कि राजकीय संस्थानों में पंजीकरण और प्रवेश की सुविधा 20 सितम्बर, जबकि निजी संस्थानों में पंजीकरण 29 सितम्बर तक और प्रवेश 30 सितम्बर तक होगा। उन्होंने बताया कि खाली

सीटों का विवरण एसएसवीटी उत्तर प्रदेश पोर्टल पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

——————————

रुक–रुक कर हो रही बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश में कई नदियां उफान पर हैं। गाजीपुर, बलिया में गंगा नदी, और बाराबंकी व फैजाबाद में घाघरा नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हं। राज्य के 23 जनपद बाढ़ से प्रभावित हैं। फ़तेहपुर में गंगा का जलस्तर बढ़ने से कई गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। बाढ़ पीड़ित 170 परिवारों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है। उप जिलाधिकारी बिंदकी प्रियंका अगवाल ने बताया कि प्रभावितों के लिए टेंट और भोजन की व्यवस्था की गई है। बाइट....

*यहाँ पर कैम्प में जो भी लोग हैं, उनके लिए प्रॉपर टेंट की भी व्यवस्था है, तीन टाइम खाने की व्यवस्था की गई है, टॉयलेट वगेरा की भी व्यवस्था कर दी गई है, उनको तिरपाल वगेरा भी वितरित किये गए थे, तो व्यवस्था तो प्रशासन की तरफ से पूरी की गयी है।*

——————————

एशिया कप टी–ट्वेंटी क्रिकेट में आज दुबई में ग्रुप–ए में भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। मैच रात आठ बजे से खेला जाएगा। दोनों टीमें अपना पहला मैच जीत चुकी हैं।

——————————